तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 14 जून 2025

4 आईएएस आईपीएस की राह अब दूर नहीं निषाद...



4 नपाध्यक्ष निखिल पहुंचे वार्ड 6 सुनी लोगों की समस्याएं



[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


## खबर संक्षेप

### तस्करों से 60 गौवंश बरामद, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा धरपकड़ की कार्रवाई कार्रवाई की है। पुलिस ने 7 फरवरी और 19 फरवरी के दो प्रकरणों में आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। पुलिस ने दो प्रकरणों में लगभग 60 गौवंशों को तस्करों से बरामद कर छुड़ाया है। आरोपियों में ग्राम मुरमुरी निवासी शशिभूषण साहू और सारंगढ़ जिले का निवासी सुमित श्रीवास शामिल हैं। मामले में इस बात की भी जानकारी सामने लाई जानी आवश्यक है कि इतनी संख्या में गौ तस्कर इन गौवंशों को कहा से लाए और किस उद्देश्य से इन्हें कहा ले जाया जा रहा था। बता दें कि इस संयुक्त प्रकरण में ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ गौ तस्कर फरार हैं, जिनकी पतासाजी पुलिस कर रही है।

### 12वीं की परीक्षा 6 से 10वीं की 9 से

**महासमुंद।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वितीय मुख्य परीक्षा और अवसर परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी गई है। 12वीं की परीक्षा 6 से प्रारंभ होकर 22 जुलाई तक और हाईस्कूल 10वीं की परीक्षा 9 से प्रारंभ होकर 21 जुलाई तक सुबह 9 से 12:15 बजे होगी। समय सारिणी का अवलोकन वेबसाइट पर किया जा सकता है। द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। अब विलंब शुल्क के साथ 20 जून तक आवेदन किया जा सकता है।

### जिला अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर आज

**महासमुंद।** विश्व रक्तदाता दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा 14 जून 2025 को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय, महासमुन्द स्थित ब्लड बैंक में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं जरूरतमंदों को जीवनदान प्रदान करना है। शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह, उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, सभापति संदीप दीवान, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी कुदेशिया तथा जिला संगठन एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने जिले के नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवी संगठनों से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर मानवता की सेवा में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

### खुदकुशी करने की कोशिश में झुलसे ग्रामीण की मौत

**महासमुंद।** पैरावट में आग लगाकर खुदकुशी की कोशिश करने वाले युवक की मौत हो गई। जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम पटपरपाली में 11 जून की सुबह पैरावट में आग लगाकर सोहन साहू कूद गया, जिसे बुरी तरह झुलसे अवस्था में मेकाहारा ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सोहन का जमीन को लेकर उसके पिता व भाई से विवाद चल रहा था। इस बात को लेकर गाँव में बैठक भी हुई। लेकिन, विवाद का हल नहीं निकला था। बताया गय है कि वह इस बार से परेशान रह रहा था और बुधवार को पैरावट में आग लगाकर वह उसमें कूद गया। लोगों ने आग बुझाकर सोहन को बाहर निकाला और गंभीर रूप से झुलसे सोहन को बागबाहरा शासकीय अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे उपचार हेतु रायपुर मेकाहारा रेफर कर दिया। लगभग 65 प्रतिशत झुलसे सोहन की बीती रात उपचार के दौरान मेकाहारा में मौत हो गई। मामले में उनकी पत्नी ने उनके द्वारा खुदकुशी किये जाने पर संदेह व्यक्त करते हुए पुलिस से इसकी जाँच की मांग की है।



# रथयात्रा की तैयारी, महास्नान के बाद महाप्रभु हो गए हैं बीमार, 15 दिनों के लिए बंद रहेंगे मंदिर के पट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 15 दिनों तक विश्राम करेंगे, जिसके बाद उनके स्वस्थ होते ही रथयात्रा निकलेगी

महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बड़े भैया बलराम को बुधवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर गंगाजल से स्नान कराया गया। इस महास्नान के बाद महाप्रभु बीमार हो गए। जो अब 15 दिनों तक विश्राम करेंगे, जिसके बाद उनके स्वस्थ होते ही रथयात्रा निकलेगी।

बीमार होने के कारण मंदिर के पट करीब 15 दिनों के लिए बंद रहेंगे। सीधे 26 जून को नेत्रोत्सव के साथ महाप्रभु स्वस्थ्य होंगे। दूसरे दिन 27 जून को स्वंय भक्तों को दर्शन देने के लिए रथ में सवार होकर निकलेंगे। उनके साथ उनकी बहन सुभद्रा व बड़े भैया बलराम साथ में विराजमान रहेंगे। पौराणिक कथा के अनुसार भ्रमण के बाद वे अपने मौसी के यहां विश्राम करने जाएंगे। इस दिन को लोग रथ यात्रा पर्व के रुप में मनाते हैं। 27 जून को रथ यात्रा का पर्व है। इसके बाद 05 जुलाई को भगवान वापस अपने मौसी के यहां से मंदिर आएंगे। इस दिन को बहुड़ा यात्रा पर्व के रुप में मनाया जाता है। मंदिर में आने के बाद भगवान सो जाएंगे। इसके बाद मांगलिग कार्यों पर रोक लग जाएगी।

15 दिनों तक महाप्रभु को औषधियुक्त काढ़ा का लगाया जाएगा भोगः श्रीराम मंदिर के पुजारी नारायण दास ने बताया कि रथयात्रा को लेकर तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को महाप्रभु जगन्नाथ को महास्नान कराया गया। शाम 5 बजे भक्तों की उपस्थिति में महास्नान कराया जाएगा। इसके बाद महाप्रभु बीमार हो गए है। 15 दिनों तक महाप्रभु को औषधियुक्त काढ़ा का भोग लगाया जाएगा। इस दौरान 15 दिनों तक मंदिर के पट बंद रहेंगे। इस दौरान भक्तों को महाप्रभु दर्शन नहीं देंगे।

## कार्रवाई : जिले में अवैध खनिज उत्खनन पर कार्रवाई जारी

# सिरपुर में अवैध रेत उत्खनन करते 3 चेन माउंटेन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अवैध खनिज उत्खनन परिवहन

- ग्राम सिरपुर, महानदी क्षेत्र में की गई कार्रवाई

एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार इसी क्रम में रायपुर जिले के चिखली रेत खदान की सीमा पर ग्राम सिरपुर, महानदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 3 वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन करते हुए पकड़ा गया। खनिज विभाग, पुलिस एवं राजस्व की टीम ने 3 चेन माउंटेन मशीन मशीन को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जब्त किया गया। तीनों वाहनों को जब्त कर सुरक्षार्थ तुमगांव थाना में खड़ा किया गया है। खनिज अधिकारी योगेद्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान और खनिज विकास और विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है।



### अतिक्रमण कर किया जा रहा था उत्खनन

बता दें कि सिरपुर क्षेत्र के महानदी के परिसीमन के लिए आवेदन किया गया था। लेकिन, ग्राम चिखली के रेत माफियाओं द्वारा अवैध रेत उत्खनन सिरपुर सीमा में प्रवेश कर खनन किया जा रहा था। इसके चलते ग्रामवासियों ने इसकी जानकारी माइनिंग विभाग को दी जिसके बाद उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया। साथ ही सिरपुर पटवारी हल्का नबंर 2 द्वारा सीमांकन किया गया। उक्त जानकारी दिलीप जैन, गोपी ध्रुव, मोहन सेन ने दी है।

# दो माह से वंचित ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत, 158 क्विंटल चावल गायब

## जेराभरन में राशन वितरण में बड़ा घोटाला उजागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

ग्राम पंचायत जेराभरन में शासकीय राशन वितरण में भारी गड़बड़ी सामने आई है। पिछले दो महीनों से राशन नहीं मिलने से नाराज सैकड़ों ग्रामीण शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे और विक्रेता विमल मांझी के खिलाफ शिकायत करते हुए ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों का आरोप है कि विक्रेता द्वारा सरकारी राशन में गबन कर उन्हें राशन से वंचित कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की ओर से हर माह नियमित रूप से राशन का आबंटन हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें दो माह से अनाज नहीं मिला। जब जानकारी एकत्र की गई तो पता चला कि उचित मूल्य दुकान में 158 क्विंटल चावल की भारी कमी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधा गबन का मामला है, जिसमें विक्रेता की संलिप्तता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि राशन वितरण में अनियमितता कोई नई बात नहीं है, पहले भी कई बार समय पर अनाज नहीं मिला, लेकिन हर बार आश्वासन देकर मामला टाल दिया गया। इस बार जब दो माह बीत गए और स्टॉक में चावल की भारी कमी सामने आई, तब जाकर उन्हें मजबूरी में सार्वजनिक रूप से आवाज उठानी पड़ी। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती, तो आज यह स्थिति नहीं बनती। इस गंभीर शिकायत पर एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विक्रेता को फटकार लगाई और तुरंत सभी हितग्राहियों को राशन वितरित करने के निर्देश जारी किए।

# संयुक्त टीम ने औद्योगिक प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण, अनियमितता पर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय संयुक्त जांच दल द्वारा बिरकोनी स्थित ओरी प्लास्ट लिमिटेड एवं सिद्धार्थ पॉलीट्यूब प्रा.लि. औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार गठित संयुक्त टीम में शामिल सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार मनीष कुमार कुंजाम, श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र, विधिक माप विज्ञान विभाग के निरीक्षक सिद्धार्थ दुबे एवं पर्यावरण विभाग से साइंटिस्ट मानिक चंदेल उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा ओरी प्लास्ट लिमिटेड में सुरक्षा मानकों का पालन अधूरा पाया गया। अग्निशमन व्यवस्था भी मानक अनुरूप नहीं पाई गई, जिस पर संबंधित संस्था को नोटिस जारी किया गया। श्रम विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान तीन ठेकेदार कार्यरत पाए गए, जिन्होंने श्रम विभाग से आवश्यक अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं की थी। इस पर तीनों ठेकेदारों को नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर लाइसेंस लेने के निर्देश दिए गए। विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा ओरी प्लास्ट लिमिटेड द्वारा जारी बिलों में अमानक माप इकाइयों का प्रयोग किया जाना पाया गया, जिस पर विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है। साथ ही सभी तौल-माप यंत्रों का नियमित सत्यापन एवं परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए गए। इसी तरह पर्यावरण विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान जल एवं वायु प्रदूषण संबंधी कोई विशेष असामान्यता नहीं पाई गई, स्थिति सामान्य रही। कलेक्टर ने औद्योगिक इकाइयों में श्रम कानून, पर्यावरणीय मानकों व सुरक्षा निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर निरीक्षण जारी रखने के निर्देश दिए है।



# घोड़ारी में अवैध उत्खननकर्ता के विरूद्ध 2 लाख 88 हजार रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित करने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा पारित अंतरिम आदेश तथा छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग के परिपत्र के परिपालन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम करने के लिए आदेशित किया गया है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा ग्राम घोड़ारी में अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर संयुक्त रूप से आज शुक्रवार को ग्राम घोड़ारी पहनं. 33 रानिमं तुमगांव तहसील महासमुंद स्थित खसरा नं. 06 रकबा 0.24 हेक्टेयर में क्षेत्र में सुभ्रदा यादव पति रामाश्रय यादव के पक्ष में गौण खनिज फर्शीपत्थर हेतु स्वीकृत उत्खनिपट्टा का पंच गवाहों के समक्ष जांच किया गया। मौके पर स्वीकृत क्षेत्र को दर्शाने वाले कोआर्डीनेट के साथ सीमा स्तंभ लगे हुए पाया गया एवं तार फेसिंग होना पाया गया। खदान में उत्खनन कार्य स्थापित सीमा स्तंभ के एवं स्वीकृत नक्शे में चिन्हांकित भाग पर ही होना पाया गया। उपरोक्त के अलावा स्वीकृत खदान के पश्चिम दिशा में 15 मीटर की दूरी पर नदी क्षेत्र के शासकीय भूमि पर फर्शीपत्थर का अवैध उत्खनन लगभग लंबाई 35 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर एवं उंचाई 01 मीटर कुल 595 घनमीटर क्षेत्र में किया जाना पाया गया। उक्त अवैध उत्खनन ग्रामवासियों के अनुसार संतोष यादव पिता रामाश्रय यादव ग्राम घोड़ारी जिला महासमुंद के विरूद्ध द्वारा किया जाना बताया गया। अवैध फर्शीपत्थर उत्खनन में अवैध उत्खननकर्ता के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियमन 1957 की धारा 21 के 35 मीटर × 17 मीटर 01 मीटर = 595 घनमीटर में बाजार मूल्य एवं समझौता राशि सहित कुल 2,88,000.00 रुपए का अर्थदण्ड / समझौता राशि अधिरोपित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।



खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध उत्खनन व परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध इसी प्रकार कृत्य करने पर दण्डात्मक एवं एफआईआर की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज अमला द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच किया जाएगा।

## पहली सूची 26 को, प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी

# महाविद्यालयों में मेरिट के आधार पर होगा चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पं रविशंकर विवि से संबंद्ध कॉलेजों में प्रथम सेमेस्टर और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। छात्रों को पहली मेरिट सूची का इंतजार है। 26 जून को कॉलेजों में विषयवार प्रथम सूची जारी की जाएगी।

स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए पोर्टल 24 मई को ही खुल गई थी। वहीं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के लिए पोर्टल 6 जून से प्रारंभ हुआ है। पं रविशंकर शुक्ल विवि ने तीन चरणों की सूची जारी कर दी है। रविवि के द्वारा कॉलेजों को सूची 25 जून को जारी की जाएगी। इसके बाद 26 जून को केटेगरी के अनुसार कॉलेज में सूची जारी की जाएगी। चयनित छात्रों को 25 जून से 8 जुलाई तक प्रवेश लेना होगा। वहीं द्वितीय चरण की मेरिट सूची कॉलेजों में 9 जुलाई को जारी की जाएगी। द्वितीय चरण का प्रवेश 9 जुलाई से 14 जुलाई तक चलेगा। तृतीय चरण की मेरिट सूची 14 जुलाई को जारी की जाएगी। 15 जुलाई से 25 जुलाई तक छात्रों को तीसरे चरण के लिए प्रवेश लेना होगा। पोर्टल 31 जुलाई तक खुला रहेगा।

### पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन

तीन चरणों की लिस्ट जारी होने के बाद भी छात्र एडमिशन नहीं लेते हैं, तो 24 जुलाई को सभी वर्ग के छात्रों के लिए प्रवेश खोल दिया जाएगा। इसमें प्राचार्य की अनुमति से छात्र रिक्त सीटों पर प्रवेश ले सकेंगे। एडमिशन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

### ये हैं मुख्य कॉलेज

जिला मुख्यालय में तीन प्रमुख कॉलेज हैं। जिसमें से वल्लभाचार्य कॉलेज सबसे अधिक सीटों और सुविधाओं वाला महाविद्यालय होने के कारण एडमिशन के लिए जद्दोजहद देखने को मिलती है। माता कर्मा कन्या कॉलेज और अंग्रेजी मीडियम आत्मानंद कॉलेज में भी एडमिशन के लिए छात्रों ने आवेदन किया है।

### वेबसाइट पर भी जारी होगी सूची

शासकीय कॉलेज में सीट के लिए जद्दोजहद होगी। कटऑफ सूची कॉलेजों की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। इसके अलवा सूचना बोर्ड पर भी लिस्ट चस्पा की जाएगी। केटेगरी के अनुसार मेरिट सूची जारी होगी। 12 में जिनके ज्यादा प्रतिशत व अंक आए हैं, उन छात्रों को चयन मेरिट लिस्ट में किया जाएगा। पहले चरण में प्रवेश नहीं लेने पर सीट रिक्त हो जाएगी। उसके बाद दूसरे चरण की सूची जारी होगी। आर्ट्स, विज्ञान, कॉमर्स विषय पढ़ने वाले छात्र विषयों की जानकारी लेने के लिए कॉलेज पहुंच रहे हैं।

# गांजा तस्करी पर दो लोगों को 15-15 साल की कड़ी कैद

**महासमुंद।** गांजा तस्करी के मामले में विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) संघपुष्पा भतपहरी ने दो आरोपियो को 15-15 वर्ष की कड़ी कैद और डेढ़-डेढ़ लाख रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर दोनों को 1-1 वर्ष की कड़ी कैद पृथक से भुगतनी होगी।

अभियोजन के अनुसार 17 अप्रैल 2024 को मुखबिर की सूचना पर कोमाखान थाने के निरीक्षक शैलेंद्र नाग पुलिस दल के साथ कोमाखान चौकड़ी एनएच-353 पहुंचे। सूचना मिली थी कि 2 व्यक्ति आईशर ट्रक क्रमांक एमएच 04 केयू-3724 में कोयले के नीचे छिपाकर अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहे हैं और ओडिशा की ओर से महासमुंद की ओर आ रहे हैं। ट्रक आने के पहले पुलिस दल ने मौके पर घेराबंदी कर ली। कुछ देर बाद उक्त ट्रक ओड़िशा की ओर से आते दिखा। समीप आने पर रोककर पूछताछ की। पुलिस की सख्ती बढ़ने पर ड्राइवर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मनोज गोड़ तथा बगल में बैठे श्यामू गोड़ को वाहन स्वामी बताया। पुलिस ने गांजा के 50 पैकेट जब्त किए। जिसका वजन 100 किलो था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। विशेष न्यायाधीश ने निवासी एकवीरा नगर, ट्राली लाइन, साईं सेवा चाल, कांजूर मार्ग थाना-ठाणे, (ईस्ट मुंबई) निवासी श्यामू गोड़ (37) तथा बंशीपारा निवासी मनोज गोड़ (34), लालाटोला, थाना-सलेमपुर, जिला-देवरिया (उ.प्र.) वर्तमान पता-भास्कर नगर पौनपाड़ा, गणेश कृपा चाल कलवा, थाना ठाणे, (ईस्ट मुंबई) को 15-15 वर्ष कड़ी कैद की सजा सुनाई।

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना के मृतकों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** 12 जून को अहमदाबाद में हुए भीषण विमान दुर्घटना के मृतकों को भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विनम्र भावभीनी श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा ने विमान दुर्घटना को पीड़ादायक और पूरे देश को शोकाकुल करने वाला हादसा बताते हुए कहा कि इस दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी का भी निधन हुआ है, जो भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है। अहमदाबाद में विमान टेकऑफ करते ही जिस बिल्डिंग पर गिरी है, वहां रहने वाले डॉक्टरों के साथ आम राहगीर भी अकस्मात इस विमान दुर्घटना का शिकार हुए है। सैकड़ों लोग काल की गाल में समा गए, जो दुखदायी है। हम सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते है और उनके शोकसंतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते है। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने भी अहमदाबाद के विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की और कहा कि इस भयंकर दुर्घटना से पूरे प्रदेश में शोक की लहर है और सभी की संवेदनायें पीड़ति परिवारों के साथ है। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, मण्डल पदाधिकारी मुन्ना साहू, राजू चंद्राकर, अग्रज शर्मा, हनीश बग्गा, गोविंद ठाकुर, मकसूद खान, हिमांशु चंद्राकर, शरद राव, सोनाधर सोनवानी, नईम खान, रमेश पटवा सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### बस्तर परिवहन संघ की बैठक, अहम मुद्दों पर चर्चा

**रायपुर।** तेलीबांधा स्थित एक होटल में गुरुवार को बस्तर कोरापुट परिवहन संघ, बस्तर परिवहन संघ, बैलाडीला ट्रक ऑनर संघ, भानुप्रतापपुर, नारायणपुर एवं अन्य परिवहन संघ की बैठक हुई। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई और महंगाई को देखते हुए किराया भाड़ा बढ़ाने की मांग की गई। जगदलपुर से रायपुर तक बनाए गए पांच टोल नाके, पिछले पांच साल में भाड़ा नहीं बढ़ाए जाने और पुलिस तथा यातायात पुलिस द्वारा बेवजह परेशान किए जाने को लेकर चर्चा की गई। परिवहन संघ से जुड़े लोगों ने बढ़ती महंगाई को देखते हुए किराया भाड़ा बढ़ाए जाने की मांग की है।

### 'ईमानदारी की आत्महत्या' छात्रों ने विवि प्रबंधन पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विवि में छात्रों ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एक बार फिर विरोध प्रदर्शन किया। इस बार छात्रों ने कृषि विवि के भ्रष्टाचारों से आहत होकर ईमानदारी को आत्महत्या करते हुए प्रतीकात्मक रूप से दिखाया। छात्रों का आरोप है कि कुलपति गिरीश चंदेल के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में वित्तीय और प्रशासनिक घोटालों सामने आई है, लेकिन कुलपति छात्रों से संवाद नहीं कर रहे हैं। छात्रवृत्ति की राशि में कटौती, निर्माण कार्य में गड़बड़ी सहित अन्य आरोपों पर छात्रों ने कुलपति से इस्तीफे की मांग की है। विश्वविद्यालय कैंपस में चल रहे निर्माण कार्य में गड़बड़ी और नियम विरूद्ध निजी ठेकेदारों को टेंडर दिए जाने के आरोप छात्र पहले भी लगा चुके हैं। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पारदर्शिता को समाप्त कर दिया गया है। इस प्रतीकात्मक विरोध में ईमानदारी के पुतले को फांसी पर लटकाया गया। फांसी के बाद ईमानदारी की अर्थी को कंधा देकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक भवन तक मार्च निकाला और प्रशासनिक भवन के सामने घंटेभर तक नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। विरोध-प्रदर्शन में कुणाल दुबे, अनुज शुक्ला, गावेश साहू, शुभम शर्मा, अंकित बंजारे, ओझ पांडे सहित अन्य एनएसयूआई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

## मांग: दो मामले को लेकर सतनामी समाज ने कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

# एससी-एसटी एक्ट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सतनामी समाज ने एससी-एसटी एक्ट के आरोपियों को स्थानीय पुलिस द्वारा संरक्षण दिए जाने का आरोप लगाय है। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि पीड़ित के खेत का रास्ता खुलवाने तथा अमलीडीह के पीड़ितों का गांव से किया गया बहिष्कार वापस लेने की मांग की गई है।





बताया कि विकासखंड बागबाहरा थाना कोमाखान के ग्राम मोखा निवासी ईश्वरी बघेल पति ईश्वर बघेल व उनके परिवार के साथ तत्कालीन सरपंच सृष्टि चंद्राकर एवं उसके पति गोविंद चंद्राकर द्वारा जातिगत गली गलौज व मारपीट करने के कारण अपराध क्रमांक 69/2024 में एससी एसटी एक्ट व अन्य धारा में अपराध दर्ज है। फिर भी पुलिस आज तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसके कारण गोविंद चंद्राकर व खोमन चंद्राकर द्वारा उल्टा पीड़ित ईश्वर बघेल के खेत के चारों ओर तार का घेरा लगाकर रास्ता बंद कर दिया है, जिससे पिछले साल खरीफ फसल की बोआई नहीं कर पाई और लगभग दस एकड़ खेत पड़त पड़ गई। ईश्वर बघेल को परेशान करने व खेत बेचकर गांव छोड़कर जाने की नीयत से कुछ महीना पहले खोमन चंद्राकर के पास से ईश्वर बघेल के खेत की सामने की जगह को खरीदकर रास्ता रोककर जातिगत दादागिरी में उतारू है। जिसकी शिकायत तहसीलदार, एसडीएम बागबाहरा थाना व एसपी व कलेक्टर के जनदर्शन में करते करते थक गया है। लेकिन, कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आरोप है कि गोविंद चंद्राकर पहले भी ईश्वर बघेल को एक घर के सतनामी को गांव में बसने नहीं देंगे, खेत को मेरे पास बेच दो कहकर दबाव बनाता रहा है। अब पुलिस का सरंक्षण होने की बात कहकर दादागिरी पर उतारु है।

इसी प्रकार ग्राम अमलीडीह विकासखंड बागबाहरा थाना खल्लारी में सतनामियों को पंचायत चुनाव में वोट नहीं देने का आरोप लगाकर जातिगत गाली-गलौज मारपीट कर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। साथ ही पीड़ित सतनामियों के साथ लेन देन मजदूरी व सार्वजनिक जोत जंवारा सभी कार्यों से बहिष्कृत कर दिया गया है।

जिसकी शिकायत खल्लारी थाना में करने पर आवेदन लेने से इंकार कर दिया, तब पीड़ित जन एसपी कार्यालय में आवेदन दिया, तब कहीं जाकर इतनी संगीन मामले को काउंटर केस दर्ज कर दिया। अजाक्स थाना में बार-बार आवेदन देने पर डीएसपी द्वारा एससी एसटी एक्ट लगाने की बात कह रहीं हैं। लेकिन, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है। जबकि, सभी आरोपी गांव में ही खुलेआम घूम रहे हैं।

## राशन वितरण में नए-नए नियम से विक्रेता और कार्डधारी हो रहे हैं परेशान : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को राशन देना नहीं चाहती है। विक्रेता और राशन कार्डधारी को परेशान करने के लिए नया नया नियम बना रहे हैं। राशन कार्डधारी और विक्रेता 1 राशन कार्डधारी को राशन देने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। एक हितग्राही को राशन देने में आधे घंटा से अधिक का समय लग रहा है। सामान्य कार्डधारी हितग्राहियों को राशन लेने 3 बार और बीपीएल कार्डधारियों को 6 बार ओटीपी का इंतजार करना पड़ रहा है। अधिकतर राशन कार्डधारियों के मोबाइल नंबर आधार से लिंक न होने पर भी राशन दुकानों के साथ आधार सेवा केंद्र का चक्कर काटने राशन कार्डधारी मजबूर है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि कुछ राशन दुकान में राशन कार्डधारी और सेल्समैन सहित सहकारी समिति के कर्मचारियों में आए दिन कहा-सुनी की नौबत आ रही है। 3 महीने का चावल एक साथ मिलने से लोगों को भारी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। नई-नई पास मशीनों में सर्वर की गड़बड़ी के कारण लोगों को कई घंटों तक राशन दुकानों के सामने लाइन में लगना पड़ रहा है। राशन वितरण के अचानक नियम बदलाव से लोगों को समस्या होने लगी है। नए नियम में अब अंगूठे से नहीं, बल्कि मोबाइल में ओटीपी आने से ही राशन का वितरण किया जा रहा है। ऐसे में बिना आधार लिंक मोबाइल फोन लिए राशन दुकान जाने वाले हितग्राही अपने घर पर फोन कर ओटीपी लेना पड़ रहा है। इसके बाद ही राशन मिल रहा है, जिसकी वजह से भी देरी हो रही है। ओटीपी के बिना राशन नहीं मिलने को लेकर लोग अपने मोबाइल नंबर से आधार लिंक करने पहुंच रहे हैं। इस दौरान लोक सेवा केंद्रों में खासी भीड़ नजर आ रही है। बड़ी संख्या में ऐसे राशन कार्डधारी हैं, जिनके पास मोबाइल फोन ही नहीं हैं इसमें खासकर वृद्धा और मजदूर वर्ग की महिलाएं शामिल हैं। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण और मजदूर वर्ग के लोगों को अधिक परेशानी हो रही है।



## ग्रीन केयर का आयोजन एक पेड़ मां के नाम

### बेहतर धरती के लिए लगाएं पौधे, बड़ा कर हरियाली बढ़ाएं : डॉ पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

एक पेड़ मां के नाम वर्ष 2024 का पर्यावरण संरक्षण का देश व्यापी कार्यक्रम के रूप सफलता अर्जित किया। इस वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम को इस वर्ष महिला सम्मान, सशक्तिकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए नए स्वरूप में देकर देशवासियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने आह्वान किया। उपरोक्त उद्गार व्यक्त करते हुए डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि हमारी संस्था ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत 2024 से देश के विभिन्न भागों में पौधारोपण कर रही है। जन्म, विवाह स्मृति, उत्सव पर्व में करो पौधारोपण एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत पर्यावरण प्रेमी एवं समाज सेवी रामप्यारी शर्मा ब्राह्मणडीह के 90वें जन्मदिन पर उन्हीं के हाथों शमी का पौधा मां पाटमेस्वरी मंदिर परिसर में रोपित कर अभियान शुरू किया। पौधारोपण पश्चात ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं वरिष्ठ सदस्य विष्णु महानंद ने बताया कि ग्रीन केयर द्वारा मां रामप्यारी शर्मा के 90 वर्ष की उम्र के लिए 90 पौधे बरसात के समय लगाएंगे। पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल परिवारजन करेंगे। इस अवसर पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के डायरेक्टर अमुजूरी विश्वनाथ ने फोनकर जन्म एवं पौधारोपण की बधाई दी।



पौधारोपण के साथ साथ मां रामप्यारी के जन्म से लेकर वर्तमान तक कृतित्व पर आधारित फिल्म प्रदर्शन दिलीप शर्मा एवं राजेंद्र शर्मा द्वारा एवं ब्रोसर एक पत्र मां के नाम का वाचन विजय शर्मा द्वारा किया गया। मंचीय कार्यक्रम में पंडित शिव उपाध्याय अध्यक्ष ब्राह्मण समाज ने अब तक मां रामप्यारी शर्मा द्वारा 4, पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते आने के लिए उन्हें बधाई दिया। साथ ही भगवताचार्य पंडित उमाशंकर शर्मा, पंडित दिलीप त्रिपाठी, पंडित विक्रांत शर्मा, साहित्यकार माधव तिवारी द्वारा उनके कुशल कुटुम्ब प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण एवं समाज सेवा की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नीरज गजेंद्र, दानवीर शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीके झा, रामशरण शर्मा, भुवन साहू, मनोहर ठाकुर,चक्रधारी सुखरीडबरी, राजकुमार शर्मा, राजेश, अशोक शर्मा, कमला शर्मा, सरोजिनी शर्मा, माया शर्मा, रामलेश्वरी उपाध्याय, अनिता उपाध्याय, आरती द्विवेदी, रामप्यारी शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अरुण शुक्ला ने किया।

## एकलव्य सेवा संस्था केंदुढार ने किया दशकर्म कार्यक्रम में सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सरायपाली विकासखंड के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत केंदुढार में एकलव्य सेवा संस्था ने सामाजिक सहयोग प्रस्तुत करते हुए ग्राम केंदुढार निवासी तीरथ राम चौहान की धर्म पत्नी स्व.भूरी बाई चौहान के दशकर्म कार्यक्रम 11 जून 2025 को वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और मृतक के पति तीरथ राम चौहान को श्रीफल भेंटकर सहयोग के रूप में समिति द्वार 50 किलो चावल और 1001 रुपए प्रदान किया गया है। यह सहयोग संस्था के समाजिक उत्तरदायित्व को दर्शाता है, जो समय-समय पर गांव में इस प्रकार के पुनीत कार्य करती रही है। इस अवसर पर एकलव्य सेवा संस्था के प्रमुख सदस्यों में डिग्रीलाल साखरे, भोलानंद साखरे, फिनेश सिदार, खिलेश वैष्णव, नरोत्तम वैष्णव, फागुलाल डड़सेना, दीपक वैष्णव, सूरज वैष्णव, हेमदास मानिकपुरी, वीरेंद्र वैष्णव, दादूलाल वैष्णव उपस्थित थे। एकलव्य सेवा संस्था का यह कदम न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि ग्रामीण समाज को आपसी सहयोग और सद्भाव के सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहा है। एकलव्य सेवा संस्था इस प्रकार के सामाजिक कार्यों के माध्यम से ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इनकी यह सेवा निरंतर नए साल 2025 से हर किसी भी गरीब परिवार की लड़की शादी, दशकर्म कार्य में अपनी निरंतर सहयोग प्रदान कर रहे है।





### रावणभाठा में मनाया गया चावल उत्सव

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनातर्गत हितग्राहियों को जून माह में 3 महीने के एकमुश्त चावल वितरण को छग शासन द्वारा चावल उत्सव के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। स्थानीय नया रावण भाटा वार्ड नंबर 30 उचित मूल्य की राशन दुकान में चावल उत्सव का शुभारंभ जिला अध्यक्ष एतराम साहू ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महामंत्री अग्रज शर्मा, पार्षद धनेश्वरी सोनवानी, मनीष बंसल, आनंद साहू, अभिषेक पांडे, एम सिक्का सहित हितग्राही नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि सभी लाभार्थियों को इसी महीने 3 महीने का राशन ले लेना है।

## निगम की अपील समिति में 10 प्रकरणों की सुनवाई 4 निराकरण की स्थिति में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की अपील समिति की गुरुवार को बैठक हुई, जिसमें 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इसमें बेजा कब्जा, राजस्व, नामांतरण और तोड़फोड़ के प्रकरण शामिल रहे।

गांधी सदन के सभागार में महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में अपील समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के बाद महापौर मीनल चौबे ने कहा कि अपील समिति में कई वर्षों से मामले लंबित हैं, जिसकी लगातार सुनवाई करके सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। बैठक में 10 प्रकरणों में से 4 प्रकरण निराकरण की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि शहर की जनता पर किसी भी तरह से थोपे गए आदेशों के विरुद्ध अपील समिति से लोग न्याय की आशा रखते हैं। अपील समिति की बैठक में बेजा कब्जा, राजस्व, नामांतरण, तोड़फोड़ के प्रकरण की सुनवाई की गयी। बैठक में नगर निगम अपील समिति की पदेन अध्यक्ष महापौर मीनल चौबे, समिति के मानद सदस्य एवं पार्षद राजेश गुप्ता, स्वप्निल मिश्रा, महेंद्र औसर, विनय पंकज निर्मलकर, नगर निगम सचिव सूर्यकान्त श्रीवास्तव, निगम के विधिक सलाहकार व अधिवक्ता टीआर गुप्ता उपस्थित थे।



## बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित करने से व्यापम का इंकार 12वीं के आधार पर दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कराने से इनकार कर दिया है। इसके बाद इन पाठ्यक्रमों में 12वीं के प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश देने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अधीन इस पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। एससीईआरटी ने इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए व्यापम को विलंब से पत्र लिखा था। खत का जवाब देते हुए व्यापम ने यह प्रवेश परीक्षा आयोजित कराने से इनकार कर दिया है। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अत्यधिक विलंब से प्रस्ताव मिलने के कारण व्यापम ने इसे स्थगित किया है। 29 मई को एससीईआरटी द्वारा व्यापम को इसके लिए खत लिखा गया था। इस तिथि तक कई प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी थीं। प्रवेश परीक्षाएं आयोजित कराने के लिए अधिसूचना जारी करने, तिथि निर्धारण, सिलेबस, प्रवेशपत्र जारी करने से लेकर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण, प्रश्नपत्रों का निर्माण, मॉडल आसंर सहित कई तरह की प्रक्रियाएं पूर्ण करनी होती है। कम वक्त में इसे करने में असमर्थता जाहिर करते हुए व्यापम ने इससे इनकार किया है।

- बीए-बीएड व बीएससी-बीएड के लिए एससीईआरटी ने 29 मई को भेजा था प्रस्ताव



**इसलिए हुई देर :** व्यापम प्रवेश परीक्षाओं का सिलसिला अप्रैल अंत अथवा मई के प्रथम सप्ताह से शुरू कर देना है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया मार्च माह में प्रारंभ होती है। विभाग सामान्यतः जनवरी तक प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्रस्ताव भेज देते हैं। बीए-बीएड और बीएससी-बीएड का नाम परिवर्तन प्रस्तावित है। इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया एससीईआरटी तय समय पर नहीं कर सका। इसके बाद पुराने नाम पर ही कोर्स का संचालन करने नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन को खत लिखा गया था। वहां से मंजूरी मिलने के बाद व्यापम को प्रवेश परीक्षा के लिए खत भेजा गया था।

# सूदखोर तोमर ब्रदर्स के निवास पहुंची पुलिस, महिला हिरासत में, हंगामा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूदखोरी के नाम से खौफ का पर्याय बन चुके वीरेंद्र तोमर, उसके भाई रोहित तोमर को पुलिस अब तक तलाश नहीं कर पाई है। सूदखोरी की आड़ में जबरन वसूली करने के आरोप में पुलिस ने दोनों तोमर भाइयों के भतीजे के साथ उनकी पत्नियों को भी आरोपी बनाया है। इसी मामले में पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी को गुरुवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वीरेंद्र की पत्नी सुब्रा को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस जब हिरासत में लेने के लिए गई, तब तोमर के गुर्गों ने पुलिस के साथ हुज्जतबाजी की। इस दौरान महिला पुलिस ने सुब्रा को धकियाते हुए पुलिस गाड़ी में बैठाया।

पुलिस ने मंगलवार देर शाम तोमर के दो करीबी ऋषभ सिंह तथा रवींद्र सिंह के निवास पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में दोनों सहयोगियों के निवास से पुलिस ने तोमर भाइयों से जुड़े करोड़ों की प्रापर्टी के दस्तावेज के साथ सोने-चांदी के जेवर जब्त किए थे। बताया जा रहा है, पुलिस इसी सिलसिले में पूछताछ करने वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी से पूछताछ करने उसके निवास पहुंची थी। निवास में हंगामा होते देख पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी को हिरासत में लिया है।




दोनों भाइयों के नाम करीब आधा दर्जन प्रॉपर्टी होने की जानकारी
सूदखोर तोमर ब्रदर्स की 'पाप की कमाई' नापने निगम भी पहुंचा, 10 करोड़ के बंगले को नापा

### घर में नहीं मिली रोहित की पत्नी

वीरेंद्र के साथ रोहित की पत्नी से पुलिस पूछताछ करने उसके घर गई हुई थी, लेकिन घर में रोहित की पत्नी नहीं मिली। इस दौरान घर में एक अन्य महिला ने अपने आपको कानून का जानकार बताते हुए पुलिस कार्रवाई का विरोध किया और पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

### यू-ट्यूबर के साथ मारपीट

पुलिस के थाना पहुंचने के पहले तोमर के निवास पर एक महिला यू-ट्यूबर तथा उनका कैमरामैन कवरेज करने पहुंचे थे। इस दौरान तोमर के गुर्गों ने महिला यू-ट्यूबर तथा उसके कैमरामैन के साथ मारपीट करते हुए उनका कैमरा तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कराया।

### नकली जेवर देने का आरोप

वीरेंद्र तथा रोहित तोमर द्वारा गिरवी के दौरान बंधक बनाकर रखे गए ओरिजनल सोने के जेवर के बदले गिरवी छुड़ाने पर नकली जेवर देने के आरोप हैं। इस संबंध में एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने शिकायतकर्ताओं द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। वीरेंद्र तथा रोहित द्वारा प्रताड़ित किए गए कई ऐसे हैं, जो अब भी थाने में शिकायत दर्ज कराने जाने से डर रहे हैं। एसएसपी ने शिकायत दर्ज कराने वालों को पूरी सुरक्षा देने का आश्वासन दिया है।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//
क्रमांक/2329/तह. / वाचक/2025
बागबाहरा, दिनांक 13/6/2025
रा.मा.क्र. ब/121, वर्ष 2023-24
ग्राम कन्हारपुरी प.ह.नं. 03 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम कन्हारपुरी प.ह.नं. 03 रा.नि.म. खल्लारी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है आवेदक खोलूराम पिता तिलोचन जाति कंवर निवासी ग्राम कन्हारपुरी तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे स्वयं खोलुराम जाति कंवर की जन्म दिनांक 01/01/1970 को हो गई है। जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है. जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 26/6/2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 13/6/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
बागबाहरा

## खबर संक्षेप



### शहीद एएसपी की याद में रक्तदान शिविर आज

**महासमुंद।** सुकमा जिले के कोंटा के गोलापल्ली मार्ग में आईईडी ब्लास्ट में एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए। उनकी याद में 14 जून 2025 शनिवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सर्व हिंदू समाज महासमुंद द्वारा किया गया है। शिविर का आयोजन शांतिनाथ जैन भवन गांधी चौक में होने जा रहा है। जिसका समय सुबह 10 से 4 बजे तक रखा गया है।

### विमान हादसे में दिवंगत व्यक्तियों को यादव महासभा ने दी श्रद्धांजलि

**सरायपाली।** अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में 246 स्वर्गवासी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, प्रमुख महासचिव इंजीनियर एसडी यादव और संरक्षकगण मनोरथ लाल यादव, ध्रुव मलिक यादव, रथराम यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ प्रदेश प्रमुख महासचिव नरेंद्र कुमार यादव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष पवन यादव, दाशरथी यदु, दिनेश यादव, राजेंद्र कुमार राजू यादव आदि शामिल रहे।

### प्राइवेट स्कूल एशोसिएशन की बैठक आज

**महासमुंद।** महासमुंद ब्लॉक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के समस्त शाला समिति के सदस्यों की आवश्यक बैठक 14 जून शनिवार को प्रातः 11 बजे ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर भलेसर रोड महासमुंद में रखी गई है। बैठक का मुख्य विषय नवीन एवं नवीनीकरण मान्यता तथा नवीन सत्र के पाठ्य पुस्तक के संदर्भ में रखी गई है। आरटीई की कुछ स्कूलों की राशि 2023 -24 की बाकी है, इस पर चर्चा की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए ब्लाक अध्यक्ष माधव राव टाकसाले ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों की उपस्थित होने की अपील की है।

### केंद्रीय विद्यालय में 10वीं से 12वीं में प्रवेश 25 तक



**महासमुंद।** स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य में कुछ स्थान रिक्त है। विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के प्रवेश नियम के तहत कक्षा 10वी एवं 12वी में अभिभावक सर्विस श्रेणी 1 एवं 2 के बच्चों के लिए पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों एवं स्वायत्त संगठन या निकाय के कर्मचारियों के बच्चों को नियमानुसार 10वी एवं 12वी में 25 जून तक प्रवेश दिया जाएगा। वही कक्षा 11वी वाणिज्य में कुछ स्थान रिक्त होने की भी जानकारी मिली है।

## प्रयासः यूपीएससी, सीजी पीएससी, आईएएस, आईपीएस की तैयारी कराएगा समाज

# आईएएस, आईपीएस की राह अब दूर नहीं निषाद केंवट समाज बनाएगा अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी



छत्तीसगढ़ में सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए निषाद केंवट समाज प्रदेश संगठन द्वारा सुपर 3 योजना अनुमति प्रदान की गई है, जिसका उद्देश्य यूपीएससी, सीजी पीएससी, सीजी व्यापंम जैसी कठिन प्रशासनिक परीक्षाओं के लिए समाज के मेधावी लेकिन आर्थिक रूप से वंचित युवाओं को निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है। यह पहल केवल कोचिंग नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, सपनों को पंख देने का, प्रतिभा को अवसर देने का और समाज को सशक्त बनाने का। योजना के मुख्य उद्देश्य प्रतिभा को पहचान और मंच देना, यूपीएससी, सीजी पीएससी, सीजी व्यापंम जैसी परीक्षाओं के लिए तीन प्रतिभागियों को एक वर्ष तक पूर्णतः निःशुल्क कोचिंग। सामाजिक व आर्थिक असमानता को समाप्त करना शिक्षा के माध्यम से अवसरों की समानता सुनिश्चित करना। विश्वास और चेतना का संचार समाज में शिक्षा के प्रति आस्था, प्रेरणा और चेतना का निर्माण करना। समर्थन व सहयोग इस ऐतिहासिक पहल को मूर्त रूप देने के लिए प्रदेश संगठन छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज ने सर्वसम्मति से योजना को स्वीकृति प्रदान की है। योजना को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश संगठन, संभाग, जिला, परिक्षेत्र, पंचगहिया एवं ग्राम स्तर के संगठन एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं। दानदाताओं का सहयोग प्रति व्यक्ति, प्रति दिन, 1 के मूलमंत्र पर आधारित है, जो इस अभियान की आत्मा है।

प्रदेश कार्यालय भवन को चयन परीक्षा केंद्र के लिए आरक्षित किया गया है। पंजीयन पूरी तरह निःशुल्क है। परीक्षा एवं प्रक्रिया चयन परीक्षा तिथि 06 सितंबर 2025 शनिवार समय दोपहर 12 बजे से 1: 31 बजे तक स्थान छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिला मुख्यालयों पर परीक्षा केंद्र स्थापित परिणाम घोषणा 23 अक्टूबर 2025 योग्यता न्यूनतम स्नातक उत्तीर्ण, आयु 18 से 28 वर्ष के बीच जनसमर्थन और अभियान विस्तार प्रदेशभर में सुपर तीन के प्रचार हेतु पदाधिकारीगण और सामाजिक कार्यकर्ता घर - घर संपर्क, बैठकें और जनसंवाद के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। संदेश अब अफसर बनना सपना नहीं, समाज की शक्ति और संकल्प से यह संभव है, शिक्षा से सशक्तिकरण की उड़ान है। छग निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक गुंडरदेही कुवर सिंह निषाद, आनंद निषाद, महासचिव मनोहर निषाद, अशोक निषाद, नंद कुमार निषाद, रूपधर संतोष जलतारे, निखलेश निषाद आदि उपस्थित रहे। आयोजक निषाद सहारा व्यवस्था परिवार की ओर से उपरोक्त जानकारी जानकी निषाद ने दी है।

## वर्षा ऋतु में प्रतिबंधित रहेगा मत्स्याखेट

### उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन द्वारा मछलियों की वंश वृद्धि एवं प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025-26 में भी विगत वर्षों की भांति मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। यह प्रतिबंध आगामी 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक लागू रहेगा। इस अवधि में जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों (जो नदी-नालों से जुड़े हुए हैं) में मत्स्याखेट (मछली पकड़ने) की गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। केवल ऐसे छोटे तालाब अथवा जल स्त्रोत, जिनका संबंध किसी भी नदी या नाले से नहीं है एवं जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अंतर्गत उस पर एक वर्ष तक का कारावास, 10,000 रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ दंड के रूप में दिए जा सकते हैं।

## राज्यस्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित होंगे दो रक्तमित्र

**तेंदूकोना।** रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ संस्था द्वारा 14 जून को कर्मा भवन सुपेला भिलाई में समाज सेवी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें जिले से मां चंडी रक्तदाता सेवार्थ समिति से रक्तमित्र संतोष सेन, सूरज ठाकुर का नाम चयन हुए। उन्हें सम्मान समारोह में आमंत्रित किया है।





महासमुंद जिले से जनसेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले संतोष लगातार रक्तदान हुए लोगों के दिलों में जगह बना ली है। संतोष को राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। इस कड़ी में पुनः 14 जून रक्तदाता दिवस पर होने वाले सुपेला (भिलाई) में रक्तदान समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए मां चंडी रक्तदाता सेवार्थ समिति में सेवा दे रहे रक्तमित्र संतोष सेन, सूरज ठाकुर का नाम चयन किया गया है, जो रक्तदान के क्षेत्र में युवाओं के लिए एक प्रेरणा के रूप में देखा जा सकता है जो अपने मेहनत, लगन से लोगों को रक्तदान जागरूकता अभियान तेंदूकोना में चलाया जा रहा है।

### जिला स्तरीय कृषि मेला आज

**महासमुंद।** जिले में जैविक खेती को प्रोत्साहन देने एवं किसानों को नवीनतम जैविक तकनीकों की जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय किसान जैविक कृषि मेला सह कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन 14 जून शनिवार को बागबाहरा विकासखंड के ग्राम बोडराबांधा स्थित माध्यमिक शाला स्कूल मैदान में किया जा रहा है। इस आयोजन में लोकसभा महासमुंद की सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगी। कार्यक्रम में जिले के किसान, जनप्रतिनिधिगण, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी, नागरिक एवं जैविक खेती से जुड़े विशेषज्ञ बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने जिले के कहा है कि वे इस मेले में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर अपनी सक्रिय सहभागिता दें।

## नपाध्यक्ष निखिल पहुंचे वार्ड 6, सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सतत वार्ड भ्रमण के क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू वार्ड 6 के नागरिकों के बीच पहुंचे। उन्होंने पूरे वार्ड का भ्रमण कर लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी तथा विभिन्न मांगों को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान वार्ड पार्षद सीता टोंडेकर भी प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों ने नपाध्यक्ष साहू को शुद्ध पेयजल हेतु पाइप लाइन विस्तार, बोर खनन, स्ट्रीट लाइट लगाने, नई बिजली पोल लगाने तथा जर्जर पोलों को हटाने की मांग की। जिस पर सभी मांगों व समस्याओं को सूचीबद्ध कर शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग प्रभारियों को नपाध्यक्ष ने दिए।

देवार पारा के निवासियों ने उन्हें पानी की समस्या से अवगत कराते हुए बोर खनन करने तथा पवन विश्वकर्मा गली के लोगों ने पाइप लाइन विस्तारीकरण तथा रात में गली में अंधेरा होने की बात कहते हुए स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। इसी तरह पार्षद सीता टोंडेकर घर के बाजू गली में जर्जर विद्युत पोल को नागरिकों की मांग पर शीघ्र हटाने के निर्देश दिए।

## नए सत्र शुरुआत की तैयारी के लिए अरंड संकुल में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम अरंड में 12 जून को संकुल केंद्र अरंड में संकुल प्राचार्य सोनसाय पटेल की अध्यक्षता एवं संकुल समन्वयक रोहिणी देवांगन के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नये शिक्षा सत्र की शुरुआत के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चाएं हुईं। जिनमें प्रमुख रूप से विद्यालय की साफ सफाई, रंग-रोगन, जल प्रबंधन, विद्युत व्यवस्था पर जोर दिया गया।

विद्यालय खुलने के पूर्व पालकों, पंचायत प्रतिनिधियों और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की बैठक रखकर उन्हें जानकारी देते हुए प्रवेश उत्सव के दिन आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया। प्रवेश लक्ष्य निर्धारित कर प्रवेश उत्सव को व्यापक रूप से मनाते हुए मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने, नवप्रवेशी छात्रों का अभिनंदन करने एवं भूतपूर्व छात्रों को भी प्रोत्साहित करने के लिए आमंत्रित करने की बात कही गई। एक पेड़ मां के नाम को जन-जन बच्चों तक सफल बनाने, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में संकुल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठकगण पालेश्वर पटेल, डोलामणि साहू, हरिशंकर पटेल, श्याम कुमार पटेल, विश्वनाथ मांझी, गौरी पटेल, गंगा पैकरा, रेहाना बानो आदि अपने-अपने विद्यालयों के गणवेश प्राप्त किए।

## मोदी सरकार के 11 साल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय : अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 वर्ष तक कार्यकाल संकल्प से सिद्धि गरीब कल्याण सुशासन का सफर है। प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी अलका चंद्राकर ने प्रधानमंत्री मोदी के सफल ऐतिहासिक आयुष्मान 11 वर्ष के कार्यकाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब देश भ्रष्टाचार घोटाले के आकंठ में डूबा हुआ था, तब देश के बागडोर मोदी ने संभाला। पहले ही दिन से कार्य योजना बनाकर कार्य प्रारंभ कर दिया। आज गरीबी 27 प्रतिशत कम होकर 5 प्रतिशत रह गई है अति गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है। प्रधानमंत्री आवास जो गरीबों का सपना सर पर छत होने का है शहर गांव में हर गरीब को पक्का मकान देने वाला विश्व का पहला देश भारत है।

महिलाओं के सम्मान स्वाभिमान सशक्तिकरण की योजना विश्व की सबसे लोकप्रिय योजना प्रधानमंत्री योजना उज्ज्वला योजना में 10 करोड़ महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाए। पर्यावरण की रक्षा की 12 करोड़ शौचालय का निर्माण हुआ, 56 करोड़ बैंक खाता महिलाओं के नाम पर प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत खुलवाया गया, 81 करोड़ गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना तहत दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव-गांव में पेयजल की व्यवस्था की गई है। कोरोनाकाल में मुक्त कोरोना के तीन-तीन वैक्सीन उपलब्ध कराते हुए विश्व के अन्य देशों को मानवीय आधार पर दवाई एवं वैक्सीन दिया गया। 42 करोड़ लोगों को मुफ्त 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान कार्ड तहत लाभान्वित हुए है। किसान सम्मान निधि से किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुए है। कश्मीर में धारा 370 35 ए का हटना, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण जो अकल्पनीय था उसे साकार किया। पाकिस्तान के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान चलाकर विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को विश्व के समांतर लाना चंद्रयान 3 का सफल परीक्षण कर भारत को विश्व महाशक्ति के रूप में स्थापित किया है। सौभाग्य योजना तहत 100 प्रतिशत घरों में विद्युतीकरण हुआ है। टेक्नोलॉजी से भारत को नई शक्ति मध्यम वर्ग का जीना आसान इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से बेहतर पर्यावरण सतत विकास इन सभी कार्यों में मोदी के सफल 11 वर्ष के कार्यकाल की देन है। हम समग्र रूप से कह सकते हैं कि इन 11 वर्षों का मोदी का कार्यकाल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में लिखा जाएगा।

### दिव्यांगजन को रियायती ऋण एवं वाहन क्रय सहायता के लिए दिशा-निर्देश जारी

**महासमुंद।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के अधीनस्थ नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा दिव्यांगजनों के आर्थिक पुनर्वास के लिए रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने एवं वाहन क्रय हेतु आवश्यक सहायता प्रदान करने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि इस योजना के तहत दिव्यांगजन लाभार्थियों को स्वरोजगार, व्यवसाय प्रारंभ करने एवं अपने दैनिक आवागमन हेतु वाहन क्रय करने जैसे कार्यों के लिए आसान व रियायती शर्तों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एनडीएफडीसी की आधिकारिक वेबसाइट www.nhfdc.nic.in पर उपलब्ध है। इच्छुक दिव्यांगजन ई-मेल के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### निधन

**उमेश साहू**

**महासमुंद।** शहर के केंद्रीय विद्यालय समीप निवासी भारती टाइपिंग के संचालक उमेश साहू (59) वर्ष की आयु में गुरुवार देर शाम आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अधिवक्ता जितेंद्र साहू, व्यवसायी महेंद्र साहू के बड़े भाई तथा अर्पित, रानू साहू व आंचल के पिता थे।




## जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने की कलेक्टर से मुलाकात

**महासमुंद।** जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर अपने क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर सक्रिय व प्रयासरत है। श्रीमती चंद्राकर ने जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात कर अपने दो प्रमुख मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।



इसमें बेलसोंडा नेशनल हाईवे से लगा तालाब के बगल में उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य चल रहा था, जिसमें लगभग 10 माह से निर्माणाधीन कार्ये को चालू करने की मांग की है। हुलसी ने बताया कि निर्माण कार्य चलते समय दीवार गिरने से मजदूर घायल हो गए थे, तब से करीब 10 महीना से निर्माण कार्य रुक गया है। उन्होंने कहा कि बेलसोंडा गांव जिले में बड़ी आबादी वाले गांव है। गांव को उपस्वास्थ्य केंद्र के अति आवश्यक है, जो भी कारण से रुका हुआ है, कार्य को जल्द से प्रारंभ किया जाए। दूसरी मांग नवा तालाब के दोनों पार में स्ट्रीट लाइट कलेक्टर के डीएमएफ फंड से लगाने की मांग की है। हुलसी ने बताया कि तालाब के दोनों पार से मुख्यालय तक आने जाने के लिए रात के समय अंधेरे के कारण राहगीरों के साथ अनेक बार घटना घट चुकी है, जिसको देखते स्ट्रीट लाइट लगाने का निवदेन किया है। जिस पर जिला कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी से चर्चा कर बहुत जल्द कार्य प्रारंभ कराने व अन्य मांग को पूर्ण करने की बात कही है।

## मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से लोगों को मिल रहा है लाभ, नपाध्यक्ष ने ली जानकारी

### मोबाइल मेडिकल यूनिट बस से लोगों को मिल रही घर पहुंच सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जरूरतमंद व गरीब तबके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की शुरुआत की गई है। इसके लिए नगर पालिका क्षेत्र के पूरे 30 वार्डों के लिए 01 मोबाईल मेडिकल यूनिट बस संचालित है। क्षेत्र के लोगों द्वार तक पहुंचने वाली मोबाईल मेडिकल यूनिट वाली बसें स्वयं में एक अस्पताल है। जिसमें मेडिकल स्टाफ, मेडिकल उपकरण सहित मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाएं व निःशुल्क दवा की उपलब्धता है। शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक-11 में लगे कैंप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट के एपीएम धर्मेंद्र भारद्वाज ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट में पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध है। यहां 49 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व 23 मरीजों का लैब टेस्ट हुआ।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने इस संबंध में एपीएम को योजना का अधिक से अधिक प्रचार करने, वार्डों में मुनादी कराने का निर्देश देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में स्थानीय आबादी, खास तौर पर शहरी झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए ठोस कार्रवाई की जरूरत को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व की छत्तीसगढ़ सरकार ने यह योजना को लागू किया है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिलना चाहिए। इस दौरान डॉ.जी एस दीवान, लैब टेक्नीशियन प्रमिला राना, मनीषा साहू, फार्मेसिक पवन साहू व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

